# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली
## मध्यावधि अभ्यास प्रश्न पत्र 2026-27
## विषय: हिंदी (R2) कक्षा: 9

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश:**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ ।
- इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्नपत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।
- यथा संभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

## खंड-क (अपठित बोध)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए-**

हिंदी व्यंग्य के प्रमुख साहित्यकार हरिशंकर परसाई और शरद जोशी दोनों ने व्यंग्य को गंभीर साहित्यिक पहचान दिलाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। परसाई ने व्यंग्य को वैचारिक आधार प्रदान किया, जबकि शरद जोशी ने उसकी भाषा में नया सौंदर्यबोध विकसित किया। उन्होंने सिद्ध किया कि व्यंग्य केवल हँसी-मज़ाक का माध्यम नहीं, बल्कि जनजीवन की पीड़ा और सामाजिक विसंगतियों की तार्किक अभिव्यक्ति है। जब साहित्य में जनता अपना अक्स (प्रतिबिंब) देखती है, तब उसकी सामाजिक ज़िम्मेदारी भी बढ़ जाती है। शरद जोशी का एक विशिष्ट योगदान यह भी रहा कि उन्होंने हिंदी में टिकट लेकर व्यंग्य सुनने की परंपरा प्रारंभ की। उनका मानना था कि जैसे सर्कस या अन्य कार्यक्रम देखने के लिए टिकट खरीदा जाता है, वैसे ही लेखक की रचनाओं का भी उचित मूल्य होना चाहिए। उनके व्यंग्य-पाठों ने उस समय कवि सम्मेलनों के गिरते स्तर को सँभालने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रोफेसर कांतिकुमार जैन ने अपनी संस्मरण-कृति 'लौट कर आना नहीं होगा' में शरद जोशी के प्रभावशाली मंचीय व्यक्तित्व और व्यंग्य-पाठ का सजीव वर्णन किया है। शरद जोशी ने अपनी सशक्त लेखनी, प्रभावशाली प्रस्तुति और मौलिक दृष्टि के बल पर अपार लोकप्रियता, सम्मान और आर्थिक सफलता अर्जित की तथा हिंदी व्यंग्य को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया।

**(i) प्रस्तुत गद्यांश का केंद्रीय भाव संबंधित है–** **(1)**

(क) व्यंग्य-साहित्य (ख) लोककला

(ग) रंगमंच (घ) जीवनी

**(ii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–** **(1)**

**I.** हरिशंकर परसाई ने व्यंग्य को वैचारिक आधार प्रदान किया।

**II.** शरद जोशी ने व्यंग्य की भाषा में नया सौंदर्यबोध विकसित किया।

**III.** शरद जोशी ने हिंदी में निःशुल्क व्यंग्य-पाठ की परंपरा प्रारंभ की।
**IV.** प्रोफेसर कांतिकुमार जैन ने शरद जोशी पर संस्मरण लिखा है।

**विकल्प-**

(क) केवल I और II सही हैं।
(ख) केवल II और III सही हैं।
(ग) केवल I, II और IV सही हैं।
(घ) I, III और IV सही हैं।

**(iii) निम्नलिखित कथन व कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए। (1)**

**कथन (A):** शरद जोशी ने हिंदी में टिकट लेकर व्यंग्य सुनने की परंपरा प्रारंभ की।
**कारण (R):** उनका मानना था कि लेखक की रचनाओं का भी उचित मूल्य होना चाहिए।

विकल्प–

(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), कथन(A) की सही व्याख्या करता है।
(ख) कथन(A) और कारण(R) दोनों सत्य हैं, परंतु कारण(R), कथन(A) की सही व्याख्या नहीं करता।
(ग) कथन(A) सत्य है, पर कारण (R) असत्य है।
(घ) कथन(A) असत्य है, पर कारण(R) सत्य है।

**(iv) गद्यांश के आधार पर व्यंग्य-विधा के दो प्रमुख प्रभाव लिखिए। (2)**

**(v) "हरिशंकर परसाई और शरद जोशी ने हिंदी व्यंग्य को नई ऊँचाइयाँ प्रदान कीं।"- पंक्ति के आधार पर व्यंग्य विधा में दोनों के योगदान के बारे में स्पष्ट कीजिए। (2)**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए-**

शरीर का खाद्य भोजन योग्य पदार्थ है और मस्तिष्क का खाद्य, साहित्य। यदि हम अपने मस्तिष्क को निष्क्रिय और कालांतर में निर्जीव-सा नहीं करना चाहते तो साहित्य का सतत सेवन करना चाहिए और उसमें नवीनता लाने के लिए उसका उत्पादन भी करना चाहिए। पर याद रखिए, बुरे साहित्य से मस्तिष्क भी पीड़ित होकर रोगी हो जाता है। मस्तिष्क का बलवान और शक्तिसंपन्न होना अच्छे साहित्य पर ही निर्भर करता है। अतएव यह बात स्पष्ट है कि मस्तिष्क के पर्याप्त विकास का एकमात्र साधन अच्छा साहित्य है। यदि हमें सभ्यता की दौड़ में अन्य जातियों की बराबरी करनी है तो सत्साहित्य का उत्पादन और प्राचीन साहित्य की रक्षा करनी चाहिए; और यदि हम अपनी वर्तमान दयनीय दशा में रहना चाहते हैं तो साहित्य सम्मेलन के दिखावे को बंद कर देना चाहिए। आँख उठाकर जरा दूसरे देशों और जातियों की ओर तो देखिए! साहित्य ने वहाँ के समाज की दशा ही बदल दी है; शासन प्रबंध में बड़े-बड़े उथल-पुथल कर डाले हैं। हमें अपनी ही भाषा और उसी के साहित्य को प्रधानता देनी चाहिए क्योंकि अपने देश और जाति का कल्याण अपनी भाषा के साहित्य की उन्नति से ही हो सकता है। ज्ञान, विज्ञान, धर्म और राजनीति की भाषा सदैव लोकभाषा ही होनी चाहिए। अतएव अपनी भाषा के साहित्य का विकास करना हमारा परम धर्म है।

**प्रश्न (क). गद्यांश के अनुसार मस्तिष्क का खाद्य किसे कहा गया है?** (1)

(i) साहित्य
(ii) विज्ञान

(iii) राजनीति
(iv) शिक्षा

**प्रश्न(ख). गद्यांश के आलोक में निम्नलिखित कथनों पर विचार कर सही विकल्प का चयन कीजिए- (1)**

**कथन-**
**I.** साहित्य में नवीनता लाने के लिए उसका उत्पादन भी करना चाहिए।
**II.** बुरा साहित्य मस्तिष्क को रोगी बना सकता है।
**III.** साहित्य समाज की दशा को प्रभावित नहीं कर सकता है।
**IV.** साहित्य सम्मेलन के दिखावे को बढ़ावा देना चाहिए।
**विकल्प-**
(i) केवल कथन I और II
(ii) केवल कथन II और III
(iii) केवल कथन I और IV
(iv) केवल कथन II और IV

**प्रश्न(ग). निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिए– (1)**

**कथन (A):** ज्ञान, विज्ञान, धर्म और राजनीति की भाषा लोकभाषा होनी चाहिए।
**कारण (R):** आमजन की भाषा में रचे साहित्य से ही देश और जाति का कल्याण संभव है।

(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(iii) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।
(iv) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

**प्रश्न(घ). लेखक ने सभ्यता की दौड़ में अन्य जातियों की बराबरी करने के लिए किन दो कार्यों को आवश्यक बताया है? (2)**

**प्रश्न(ड) लेखक के अनुसार साहित्य का समाज और शासन-प्रबंध पर क्या प्रभाव पड़ सकता है? (2)**

## खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 3. (क) निर्देशानुसार 'समानार्थी शब्द' पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2x1=2)**

**(i)** ***'चौकस'*** शब्द का एक समानार्थी शब्द लिखिए।
**(ii)** ***'यथार्थ'*** शब्द का एक समानार्थी शब्द लिखिए।

**(iii)** ***<u>संध्या</u>*** समय दोनों बैल अपने नए स्थान पर पहुँचे। (रेखांकित शब्द का एक समानार्थी शब्द लिखिए।)

**(ख) निर्देशानुसार 'मुहावरों' पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2x1=2)**

**(i)** ***बेटियाँ अपने-अपने हाथ पीले कराकर अपनी गृहस्थी में रम गईं*** (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरा पहचानकर लिखिए।)

**(ii)** ***'हाथ का मैल होना'*** मुहावरे का अर्थ लिखिए।

**(iii)** ***'दाँतों पसीना आना'*** मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**प्रश्न 4. निर्देशानुसार 'उपसर्ग और प्रत्यय' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (4x1=4)**

**(i)** ***'कृपालु'*** शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय पहचानकर लिखिए।

**(ii)** ***'निर्जन'*** 'शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग अलग करके लिखिए।

**(iii)** ***'वती'*** प्रत्यय से निर्मित एक शब्द लिखिए।

**(iv)** ***'बा'*** उपसर्ग से निर्मित एक शब्द लिखिए।

**(v)** ***'भूमिगत'*** शब्द में शामिल मूल शब्द लिखिए।

**प्रश्न 5. निर्देशानुसार 'विराम-चिह्न' पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2x1=2)**

**(i)** दोहरे उद्धरण चिह्न का प्रयोग करते हुए एक वाक्य लिखिए।

**(ii)** यह जीवन प्रगतिशील माना गया है (वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए)

**(iii)** सावधान आगे ख़तरा है। (वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए)

**प्रश्न 6. निर्देशानुसार 'संज्ञा, सर्वनाम और निपात' पर आधारित निम्नलिखित सात प्रश्नों में से <u>किन्हीं छह</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (6x1=6)**

**(i)** उसने दोनों बैलों की रस्सी खोल दी। (वाक्य में प्रयुक्त सर्वनाम शब्द का भेद लिखिए)

**(ii)** ***<u>लता मंगेशकर</u>*** ने अपने साक्षात्कार में बचपन की कई बातें साझा की। (रेखांकित संज्ञा का भेद लिखिए)

**(iii)** 'निजवाचक सर्वनाम' का प्रयोग करते हुए एक वाक्य लिखिए।

**(iv)** ........................ का सभ्य होना दुनिया के लिए आवश्यक है। (उपयुक्त जातिवाचक संज्ञा शब्द लिखकर वाक्य पूरा कीजिए)

**(v)** आप भी इस कार्य को पूरा कीजिए। (वाक्य में से निपात छाँटकर लिखिए)

**(vi)** 'ही' निपात का प्रयोग करते हुए एक वाक्य लिखिए।

**(vii)** झूरी अपने बैलों को अत्यधिक स्नेह करता था। (वाक्य में प्रयुक्त कोई एक संज्ञा शब्द पहचानकर लिखिए)

## खंड-ग (पाठ्य पुस्तक)

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (5x1=5)**

गार्डिनर साहब के इस कथन की यथार्थता में मुझे संदेह नहीं, पर मेरे लिए कठिनाई यह है कि मैंने उस मानसिक स्थिति का अनुभव ही नहीं किया है, जिसमें भाव अपने आप उत्थित हो जाते हैं। मुझे तो सोचना पड़ता है, चिंता करनी पड़ती है, परिश्रम करना पड़ता है, तब कहीं मैं एक निबंध लिख सकता हूँ। आज तो मुझे विशेष परिश्रम करना पड़ेगा, क्योंकि मुझे कोई साधारण निबंध नहीं लिखना है। आज मुझे नमिता और अमिता के लिए आदर्श निबंध लिखना होगा। नमिता का आदेश है कि मैं 'दूर के ढोल सुहावने होते हैं' इस विषय पर लिखूँ। अमिता का आग्रह है कि मैं 'समाज-सुधार' पर लिखूँ। ये दोनों ही विषय परीक्षा में आ चुके हैं और उन दोनों पर आदर्श निबंध लिखकर मुझे उन दोनों को निबंध-रचना का रहस्य समझाना पड़ेगा।

**क) लेखक के अनुसार निबंध लिखने के लिए क्या आवश्यक है?**

(i) प्रेरणा (ii) परिश्रम (iii) भाग्य (iv) अनुभव

**ख) गद्यांश के अनुसार लेखक दोनों विषयों पर निबंध लिखकर क्या समझाना चाहता है?**

(i) परीक्षा की तैयारी का तरीका

(ii) निबंध-रचना का रहस्य

(iii) समाज-सुधार का महत्व

(iv) कठिन शब्दों का प्रयोग

**ग) गयांश के आलोक में निम्नलिखित कथनों पर विचार कर उचित विकल्प का चयन कीजिए-**

(i) लेखक के अनुसार भाव उसके मन में स्वतः नहीं आते।

(ii) लेखक निबंध लिखने से पहले चिंतन और परिश्रम करता है।

(iii) नमिता और अमिता ने एक ही विषय पर निबंध लिखने को कहा है।

(iv) दोनों विषय पहले परीक्षा में पूछे जा चुके हैं।

विकल्प-

(i) केवल (i), (ii) और (iii)

(ii) केवल (i), (ii) और (iv)

(iii) केवल (ii), (iii) और (iv)

(iv) (i), (ii), (iii) और (iv)

**घ) गद्यांश आधारित निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

**अभिकथन (A):** लेखक गार्डिनर साहब के विचारों से सहमत है।

**कारण (R):** लेखक का मानना है कि उसके मन में भाव स्वतः उत्पन्न नहीं होते।

(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, पर कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता।

(iii) कथन (A) सत्य है, कारण (R) असत्य है।

(iv) कथन (A) असत्य है, कारण (R) सत्य है।

**ङ) यदि कोई विद्यार्थी लेखक की तरह निबंध-लेखन में कठिनाई अनुभव करता है, तो गद्यांश के आधार पर उसके लिए सबसे उपयुक्त उपाय क्या होगा?**

(i) विषय पर विचार कर योजनाबद्ध ढंग से लिखना।

(ii) केवल उदाहरणों की संख्या बढ़ा देना।

(iii) किसी आदर्श निबंध को याद कर लेना।

(iv) भाषा को अधिक से अधिक अलंकारिक बना देना।

**प्रश्न 8. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए- (3x2=6)**

**(i)** निबंध लिखने से पहले उसकी रूपरेखा बनाना क्यों आवश्यक माना जाता है? पाठ 'क्या लिखूँ' के आधार पर लिखिए।

**(ii)** जगन मास्टर ने असली मिट्ठू के उड़ जाने पर 'एवजी मिट्ठू' क्यों रखा? तर्क सहित लिखिए कि ऐसा करना उचित था या अनुचित?

**(iii)** पुरानी फिल्मों की रिकॉर्डिंग तकनीक और आज की तकनीक में क्या मुख्य अंतर है? पाठ 'ऐसी भी बातें होती हैं' के आधार पर लिखिए।

**(iv)** "गिरे हुए बैरी पर सींग न चलाना चाहिए"–हीरा के इस कथन से किन मानवीय मूल्यों का पता चलता है?

**प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: (5x1=5)**

भारति! जय विजय करे!
कनक-शस्य-कमलधरे!
लंका पदतल शतदल,
गर्जितोर्मि सागर-जल
धोता शुचि चरण-युगल,
स्तव कर बहु-अर्थ-भरे!
तरु-तृण-वन-लता-वसन,
अंचल में खचित सुमन;
गंगा ज्योतिर्जल-कण,
धवल धार हार गले।
मुकुट शुभ्र हिम-तुषार,
प्राण प्रणव ओंकार..

**(क) काव्यांश का केंद्रीय भाव है–**

(i) राष्ट्रप्रेम

(ii) करुणा

(iii) हास्य

(iv) विरह

**(ख) 'लंका पदतल शतदल' में किसे भारत के शतदल रूप में प्रस्तुत किया है-**

(i) श्रीलंका

(ii) गंगा

(iii) भारत

(iv) कमल

**(ग) 'प्राण प्रणव ओंकार' से भारत की किस विशेषता का संकेत मिलता है?**

(i) आध्यात्मिक चेतना

(ii) आर्थिक समृद्धि

(iii) सैन्य शक्ति

(iv) वैज्ञानिक प्रगति

**(घ) काव्यांश के आलोक में निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए–**

कथन-

(I) कवि ने भारत को समृद्ध एवं प्रकृति-संपन्न बताया है।

(II) गंगा को भारत के गले का हार कहा गया है।

(III) हिमालय को भारत के मुकुट के रूप में चित्रित किया गया है।

(IV) कवि ने भारत को केवल वीरता का प्रतीक बताया है।

विकल्प-

(i) केवल कथन (I) और (II) सही हैं।

(ii) केवल कथन (I), (II) और (III) सही हैं।

(iii) केवल कथन (II), (III) और (IV) सही हैं।

(iv) कथन (I), (II), (III) और (IV) सही हैं।

**ङ) निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए–**

**अभिकथन (A):** कवि ने भारत को प्रकृति-सौंदर्य और आध्यात्मिक चेतना से युक्त राष्ट्र के रूप में चित्रित किया है।

**कारण (R):** कविता में गंगा, हिमालय, वन तथा 'प्राण प्रणव ओंकार' का उल्लेख किया गया है।

(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), कथन (A)की सही व्याख्या करता है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, पर कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता।

(iii) कथन (A) सत्य है, कारण (R) असत्य है।

(iv) कथन (A) असत्य है, कारण (R) सत्य है।

**प्रश्न 10. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए- (3x2=6)**

- **(i)** रैदास की भक्ति की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
- **(ii)** कविता 'भारति, जय, विजयकरे!' में कवि ने प्रकृति के मनोहारी रूप का चित्रण किया है। वर्तमान समय में प्रकृति के इस रूप में आपको कौन-कौन से बदलाव दिखाई देते हैं?

**(iii)** परशुराम के क्रोध को शांत करने में विश्वामित्र ने क्या भूमिका निभाई? कोई दो बिंदु लिखिए।

**(iv)** कविता 'भारति, जय, विजयकरे!' में प्रकृति के मानवीकरण के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

**प्रश्न 11. (क) पाठ्य पुस्तक के निर्धारित गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित दो प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- (1x4=4)**

**(i)** 'दो बैलों की कथा' में हीरा और मोती की मित्रता किन गुणों पर आधारित है? कहानी के उदाहरणों सहित अपने विचार लिखिए।

**अथवा**

**(ii)** 'संवादहीन' पाठ में उभरकर आने वाली सामाजिक एवं पारिवारिक समस्याओं की पहचान कीजिए। इन समस्याओं के समाधान के लिए अपने सुझाव लिखिए।

**(ख) पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित दो प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- (1x4=4)**

(i) संत रैदास के पदों में व्यक्त विचारों को अपनाने से समाज में क्या सकारात्मक परिवर्तन आ सकते हैं? अपने विचार 4 बिंदुओं में लिखिए।

**अथवा**

(ii) यदि आपको आज के भारत की किन्हीं दो विशेषताओं को 'भारति, जय, विजयकरे!' कविता में जोड़ने का अवसर मिले, तो आप किन विशेषताओं को चुनेंगे और क्यों?

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**प्रश्न 12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए सुझावात्मक संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (1x5=5)**

**क) मातृभाषा का महत्त्व**

संकेत बिंदु-

- मातृभाषा का अर्थ
- संरक्षण व हमारा योगदान
- निष्कर्ष

**ख) यदि प्रकृति बोल पाती...**

संकेत बिंदु-

- प्रकृति मनुष्य से क्या कहती?
- पर्यावरण के प्रति उसकी अपेक्षाएँ
- निष्कर्ष

**ग) यदि मुझे समय-यात्रा करने का अवसर मिले...**

संकेत बिंदु-

- किस काल में जाना चाहेंगे और क्यों?

- अनुभव व सीख
- निष्कर्ष

**प्रश्न 13. सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं से सावधान रहने का संदेश देते हुए अपने मित्र को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। (1x5=5)**

**अथवा**

**आभासी दुनिया (वर्चुअल वर्ल्ड) के संबंधों की अपेक्षा वास्तविक संबंधों के महत्त्व को स्पष्ट करते हुए अपने छोटे भाई/बहन को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 14. एक ग्राहक और दुकानदार के बीच 'पर्यावरण-अनुकूल थैले के उपयोग' विषय से संबंधित 80 शब्दों में संवाद लिखिए। (1x5=5)**

**अथवा**

**विद्यालय में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी देखते हुए दो विद्यार्थियों के बीच होने वाले संवाद 80 शब्दों में लिखिए।**

**प्रश्न 15. नीचे दिए गए चित्र/दृश्य को ध्यानपूर्वक देखकर लगभग 80 शब्दों में उसका वर्णन कीजिए।(1x5=5)**




**अथवा**

***(केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए)***

**दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 80 शब्दों में *'रेलवे स्टेशन की चहल-पहल'* विषय का 80 शब्दों में वर्णन कीजिए।**

**संकेत-बिंदु:**

- स्टेशन पर होने वाली गतिविधियाँ
- यात्रियों की आवाजाही
- स्टेशन पर उपलब्ध सेवाएँ